

श्री. शांतिलालजी मुथ्था
संस्थापक, BJS

# BJS eबुलेटीन 2020

Edition 28, 04th May 2020

Bharatiya Jain Sanghatana

## संपादक की कलम से



प्रिय स्नेहीजन,

कल सम्पूर्ण देश में वायु सेना द्वारा फ्लाय पास्ट से कोरोना वॉरियर्स का अभिनंदन किया गया. हेलीकॉप्टरों ने उन पर पुष्प वर्षा की. प्रशासन ने उनकी हौसला अफजाई की. स्वयं की जान को जोखिम में डालकर, कुछ घंटो ही नहीं अपितु कई दिनों तक अविरत काम करने का ज़ुनून निश्चित ही प्रशंसनीय है. सीमा पर सुरक्षा कर रहे उस वीर सिपाही की भांति ही हमारी जान बचाने के लिए डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ, पुलिस, स्वच्छताकर्मी, प्रशासनकर्मी और नागरिक संगठनों के कार्यकर्ता दिन रात एक कर रहे हैं. पहली बार हम सभी देशवासियों को यह एहसास हुआ कि सिपाही सिर्फ सीमा पर ही नहीं, हमारे बीच भी रहते हैं. B J S राजस्थान ने भी राज्य में 127 स्थलों पर इनका अभिनंदन किया.

क्या यह जज्बा हम में कायम रहेगा. सिपाही हो या डॉक्टर. नर्स हो या सफाईकर्मी, वे सभी स्थाईरूप से अभिनंदन के अधिकारी हैं. कोरोना आपदा की समाप्ति के बाद क्या हम इनके द्वारा की जाने वाली मानवीय सेवाओं के लिए उन्हें आदर और सम्मान देते रहेंगे? यदि हम ऐसा कर सके तो निश्चित ही नए भारत के निर्माण में यह एक सार्थक पहल व नई प्रथा होगी।

**निरंजन जुंवा जैन**
सदस्य - BJS राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति



## BJS NATIONAL BUSINESS CONCLAVE - 27th APRIL, 2020

**निम्न उद्देश्यों के साथ BJS के राष्ट्रीय बिज़नेस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया.**

- परिवर्तनों के फलस्वरूप बदलते व्यावसायिक माहौल के साथ सामंजस्य बिठाकर, गाईडलाइन देश के व्यवसाइयों को प्रदान करना.
- कॉन्क्लेव के सहभागियों को वर्तमान और भविष्य के व्यवसाय से संबंधित लेटेस्ट जानकारी देना
- समस्याओं एवं समाधानों के भिन्न भिन्न चरणों के संदर्भ में भविष्य के परिवर्तनों के लिए दिशा निर्देश प्रस्तुत करना
- लॉक डाउन की इस अवधि में सकारात्मक ज्ञान प्राप्ति का माहौल प्रदान करना ताकि कठिन समय में सुरक्षित रहते हुए भविष्य की संभावनाओं को बेहतर बनाया जा सके.

**कुल 650 सहभागियों को देश के 10 श्रेष्ठ बिज़नेस लीडर्स ने प्रशिक्षण व मार्गदर्शन किया. BJS की Brand Value का ही प्रभाव है कि इन महानुभावों ने इसमें शिरकत की.**



**1. श्री सुधीर मेहता** - Ex Western Region chairman of Confederation of Indian Industry- CII and director of Force Motors and Pinnacle Industries.

**He spoke on Way forward – Light at the end of the tunnel.**

आपने कहा कि समय स्थाई रूप से बदला है, इसलिए आपकी जीवन शैली में परिवर्तन लाने हेतु आपको रिसेट बटन दबाना होगा. आपको शून्य आधारित बजट से व्यवसाय प्रारम्भ करना होगा. यह विचार करें कि जैसे बस अभी नया व्यवसाय प्रारम्भ करने जा रहे हैं, तब ही ग्राहकों की संतुष्टि के अनुरूप नवीन मॉडल इजाद कर सकेंगे. Cash liquidity बनाये रखने के लिए दबाव रहेगा. वित्तीय उत्तारदायित्वों को सुनिश्चित करना होगा. ऋण लेने से बचें और ग्राहक आपसे दूर न हों, इस पर ध्यान दें. अनावश्यक वस्तुओं से बचते हुए बहुत ही जरूरी हो वही वस्तु फिलहाल ग्राहक खरीदेगा. व्यवसाय के क्षेत्र जैसे टेक्सटाईल गार्मेंट्स, आभुषण, रियल एस्टेट, पर्यटन और होटल आदि पर दबाव बना रहेगा.



**2. सुश्री सुषमा मोर्थानिया-** Director General of India SME Forum.

**आपने व्यवसाय के कायाकल्प तथा नई दिशा देने संबंधी चर्चा की.**

आपने कहा कि MSME सेक्टर का GDP में 30% का हिस्सा है और रोजगार का सर्वाधिक बड़ा जरिया है. लेकिन MSME बुरी तरह से प्रभावित होगा. Liquidity व Rotation दोनो की स्थिति बिगड़ी रहेगी. Covid-19 के सन्दर्भ में MSME क्षेत्र के लिए गाईडलाइन जारी की है. उन्हें अनेक राहतों में बिजली व भाड़ा माफी के अतिरिक्त

Contd...

दिए लिंक को क्लिक करे




https://youtu.be/Ul0nBYobXJ8

https://youtu.be/1XPN-upJQWk

BJS द्वारा संचालित आपके द्वार मोबाइल डिस्पेंसरी सेवा पर एक विडियो फ़िल्म देखें

एक वर्ष के पगार की राशी दी जाए ऐसी उनकी मांग है. 'उद्योग आधार' से अनेक राहतों व लाभों को claim किया जा सकता है. MSME हेतु incubation centres भी बनाए गए हैं. बहुत बड़ी संभावना है कि वैश्विक उत्पादन का आधार (Hub) चीन से भारत में आजाए, जिस हेतु हमे तैयार रहना होगा.



**3. प्रो. मनोज मोतियानी – Best Faculty Award Winner in IIM Indore**

**Covid-19 काल के पश्चात ग्राहक के मिजाज पर आपने चर्चा की.**

आभुषण, रियल एस्टेट, पर्यटन, होटल, निर्माण पारंपरिक शिक्षा और कैपिटल गुड्स, आदि क्षेत्र मार खाएंगे. ग्राहक के बदलते मिज़ाज़ को समझने हेतु तीन चरणों की प्रक्रिया (1) Observe (2) Understand (3) Act का अनुसरण करनी होगी. व्यावसायिक विश्व के अनुरूप आदते और लक्षण विकसित करने होंगे. नए व्यावसायिक जगत के लिए आदतों और गुणों में परिवर्तन करना होगा. Analytical skills develop करनी होगी. Curious mind develop करना होगा. श्रेष्ठतम करने की आदत डालनी होगी और धैर्य के साथ अन्य के viewpoint को समझना होगा.



**4. श्री वल्लभ भंसाली** - Founder - Enam Finance, Flame University & President FJEI.

**आपने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों से निपटने हेतु समुचित सोच रखनी होगी.**

लंबे अनुभव व चिंतन के आधार पर उन्होंने सागर से मोती देने जैसा कार्य किया है. आज की दुनियाँ में Start Up से अधिक End Up का महत्व हो गया है. सफलता पाने के लिए, मन की आवाज़ सुनो. सेवा, तप और स्वाध्याय से भौतिक और मानसिक दोनों पक्षों पर ध्यान केंद्रित करें. स्वयं को व दुनियाँ को जीतने के लिए स्वयं की श्वासों को परखें-medidate करें.



**5. श्री अभय श्रीश्रीमाल** – Founder – Life cell, Sasoon pharma

**नए व्यावसायिक अवसरों को खोजने के विषय में आपने चर्चा की.**

'विकृति से दूर संस्कृति' पर आपने जोर दिया. आज की व्यावसायिक दुनियाँ H2O (Handicaped to opportunity) समान है. भारत को ढेर सारे अवसर मिलने वाले हैं, जो चीन की दिशा से आएंगे क्योंकि निवेशक वहां से निकलने लगे हैं. आवश्यकता है अनावश्यक खर्चों की रोकने की. Sustainable innovation, Recycling तथा Upcycling से value creation पर ध्यान केंद्रित करना होगा. Artificial Intelligence और Machine Learning का जमाना रहेगा.



**6. श्री अमित कुमट** -Founder Pratap Snacks-Yellow Diamonds brand

**आपने Brand Building and scaling up पर चर्चा की.**

उन्होंने किस तरह ब्रांड value का निर्माण करते हुए हज़ारों करोड़ का सम्पूर्ण देश में distribution नेटवर्क स्थापित किया, इस कहानी को स्वयं उन्होनें बयान किया.

प्रत्येक पैकेट में एक खिलोने को रखने का विचार, अद्भुत तरीके से काम कर गया.



**7. श्री पवन चौधरी** - CEO - Speaker -Author

**He shared 3 most imp factors for success - Genes-Geography-Genre.**

He suggested to keep company of shrewd but always avoid those who can deceive you.



**8. श्री अरुण जैन-** MD-Intellect design Arena & Founder of Polaris

**आपने व्यवसाय विकास के लिए design thinking पर चर्चा की.**

आपने जैन दर्शन के मूल तत्व सम्यग दर्शन, ज्ञान और चरित्र की चर्चा की और कहा कि सम्यगदर्शन से आपके vision और Business philosophy को विकसित करें. आपने ग्राहक को ही आपका सेल्समेन बनाने की सलाह दी. आपने एक cubicle फ्रेम की चर्चा की जिसमें 6 पूंजियों (ब्रांड पर भरोसा, उपभोक्ता, नेतृत्व, बुद्धिचातुर्य उत्पाद, क्रियान्वयन और वित्तीयता समाहित है. आपने 5 मुश्किलों संशय, विवाद, भय, क्रोध तथा अहंकार का व्यवसाय के संदर्भ में जिक्र किया.



**9 श्री सुमित मारु** - Founder CH Edgemakers & Logikview analytics

**आपने online विक्रय को आवश्यक बताया.**

Covid-19 पश्चात के काल में जो ऑनलाइन विक्रय की व्यवस्था कर लेंगे, जी जाएंगे. आपको स्वयं का online विक्रय मंच खड़ा करने की आवश्यकता नहीं है अपितु अग्रणी मंच जेसे Amazon, Flipkart, Myntra पर आपके उत्पादों को offer करके, ग्रामीण शहरी जुड़ाव से व्यवसाय को अनेक गुना बढ़ा सकते हैं.



**10. श्री अनिल सिंघवी** - Managing Editor - Zee Business

**आपने भारतीय व्यवसाय, अर्थव्यवस्था और कोरोना पश्चात काल में उसके भविष्य पर चर्चा की.**

मार्च के अंत में बाज़ार प्रतिक्रिया स्वरूप निम्नतम बिंदु पर पहुंच गया था जो अब क्रमशः सामान्य होने की तरफ बढ़ रहा है. किन्तु उसमें अनेक सुधार अपेक्षित रहेंगें. Sunset sector को सामान्य स्थिति पाने में 2 वर्ष लगेंगे. Sunrise sector का भविष्य सुनहरा होगा जिसमें स्वास्थ्य, स्वच्छता, तकनीकी शिक्षा, सुरक्षा, फूड, फार्मा व इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी आदि का शुमार होता है. आपने कहा कि व्यवसाय को टेक्नोलॉजी में और सरकार को इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश करना चाहिए. विपरित परिस्थितियों के अधीन आने वाले समय में बेरोज़गारी बढ़ने की संभावनाएं बनी रहेगी.

**इन सभी बिज़नेस leaders की Guidelines पाकर हमारे व्यापारी बंधु एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर पाएंगे, ऐसी आशा है.**

# बी जे एस द्वारा प्रदेश स्तर पर किया कोरोना वारियर्स का सम्मान

भारतीय जैन संघटना राजस्थान द्वारा सम्पूर्ण राजस्थान में विभिन्न चैप्टर के माध्यम से लगभग 127 स्थानों पर कोरोना वारियर्स का सम्मान किया गया।

बी जे एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत के निर्देशन में राजस्थान के 33 चैप्टर द्वारा कोरोना के योद्धाओ जैसे पुलिसकर्मी,चिकित्साकर्मी, सफाईकर्मी आदि का मास्क, सैनीटाईजर, फेस शील्ड, ऊपरना, माला, पुष्पवर्षा, ठंडाई, छाछ आदि से उनके द्वारा इस विषम परिस्तिथियों में किये जा रहे कार्यो के लिए सम्मान किया गया और उनके प्रति तालिया बजाकर,गीत सुनाकर आभार और धन्यवाद प्रकट किया गया।

राजकुमार फत्तावत ने बताया कि भारतीय जैन संघटना के जयपुर, उदयपुर, झालरापाटन, बूंदी, चित्तौड़गढ़, कोटा, ऋषभदेव, भीलवाड़ा, राजसमंद, बारां, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, रावतभाटा, अजमेर, किशनगढ़, मालपुरा, बाड़मेर, पाली, बालोतरा, गंगानगर, फलोदी, भरतपुर, शिवगंज, पीपाड़, धोरीमन्ना, टोंक, नागौर, खेरवाड़ा, नसीराबाद आदि चैप्टर्स के कुल **127** स्थानों पर प्रशासनिक नियमो का पालन करते हुए सोशल डिस्टनसिंग का पालन करते हुए कोरोना वारियर्स का सम्मान किया गया।साथ ही पूरे प्रदेश में बी जे एस कार्यकर्ताओ द्वारा घर पर मास्क बनाकर कुल **7800** मास्क का वितरण भी चैप्टर्स के माध्यम से विभिन्न स्थानों, नगर निगम,नगर पालिका के माध्यम से और जरूरमंदो को वितरण किया गया।

